भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

राज्य सभा

लिखित प्रश्न सं. 1414

गुरूवार, 09 दिसम्बर, 2021/18 अग्रहायण, 1943 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

प्रशाद योजना के अंतर्गत सिद्धार्थनगर का विकास

1414. **श्री बृजलालः**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार ने उत्तर प्रदेश में प्रशाद योजना (तीर्थस्थल पुनरुद्धार एवं आध्यात्मिक संवर्धन अभियान) के अंतर्गत कार्यान्वयन हेतु किन-किन मंदिरों में कार्य आरम्भ किया हैः तत्संबंध; ब्यौरा क्या है; और

(ख) क्या भगवान बुद्ध की जन्मभूमि कपिलवस्तु (सिद्धार्थनगर) को भी प्रशाद योजना में शामिल किया गया है, यदि हां, तो इसके लिए कितनी धनराशि आंबटित की गई है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क): महोदय, पर्यटन मंत्रालय द्वारा अपनी प्रशाद (तीर्थयात्रा जीर्णोद्धार और आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान) योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण नीचे तालिका में दिया गया है:-

परियोजना का नाम	स्वीकृति का वर्ष	अनुमोदित लागत (करोड़ रु)
मेगा पर्यटक परिपथ के रूप में मथुरा-वृंदावन का विकास	2014-15	14.93
वृंदावन, जिला मथुरा में पर्यटक सुविधा केंद्र का निर्माण।	2014-15	9.36
वाराणसी का विकास - चरण - I	2015-16	20.40
गंगा नदी, वाराणसी में क्रूज पर्यटन	2017-18	10.72
प्रशाद योजना के तहत वाराणसी का विकास - चरण II	2017-18	44.60
गोवर्धन, मथुरा, यूपी में मूलभूत सुविधाओं का विकास	2018-19	39.74

(ख): जी नहीं, महोदय।

****